**कार्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हे०न०ब०गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखंड)**

पत्रांक सं./अ.छा.क./2024/**170** दिनांक : 04 -03-2024

# निविदा प्रपत्र

**हे०न०ब० गढ़वाल विश्वविद्यालय अन्तर संकाय एवं अन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता (दिनांक–19-03-24 से 22-03-2024 तक) के आयोजन हेतु बिड़ला परिसर , श्रीनगर गढ़वाल में पाण्डाल , मंच , बैठक (सीटिंग एवं लाइटिंग) व्यवस्था संबंधित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैजिसका विवरण एवं शर्ते निम्नवत है -**

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 500.00 + 18% GST शुल्क (रु० 590.00) मात्र देय होगा। निविदा प्रपत्र अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या वि०वि० वैबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। वि०वि० वैबसाइट से डाउनलोड निविदा प्रपत्र के साथ 590.00 ( पांच सौ नब्बे रुपए) मात्र का नगद , बैंक ड्राफ्ट वित्त अधिकारी हे०न०ब०वि०वि० श्रीनगर (गढ़वाल) के पक्ष में अनिवार्य रूप से संलग्न करें।
2. चार दिवसीय कार्यक्रम की कुल अनुमानित लागत रु० 5,50,000/- (रुपये पाँच लाख पचास हजार) मात्र है।
3. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि के रु० 25,000.00/-( पच्चीस हज़ार) मात्र का अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय, हे०न०ब०वि०वि० बिड़ला गढ़वाल के पक्ष में एफ०डी०आर० जो संलग्न करना अनिवार्य होगा , जिसकी वैधता अवधि कम से कम सितम्बर 2024 तक हो।
4. निविदा प्रपत्र के साथ मार्च 2023 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष तक विगत पांच वर्षों की समयावधि के दौरान फर्म द्वारा शासकीय/अर्द्धशासकीय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) में किए गए , इसी तरह के कार्यो का संतोषजनक कार्य सम्पादन प्रमाण पत्र जो कि निम्नानुसार होगा को संलग्न करना आवश्यक है-
   रु० 4.40 लाख अथवा अधिक राशि का एक कार्य रु० 3.30 लाख अथवा अधिक राशि के दो कार्य या रु० 2.20 लाख अथवा अधिक के तीन कार्य पूर्ण करने का संबंधित विभाग/ संस्था द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5. निविदा प्रपत्र पर फर्म की मुहर एवं अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर किए जाने आवश्यक है।
6. तकनीकी बोली (Technical Bid) वाले लिफाफे में निम्न प्रपत्र सम्मिलित होंगे- (1) निविदा प्रपत्र मूल्य रु० 590/- का डिमांड ड्राफ्ट। (2) धरोहर राशि के रूप में रु० 25 ,000/- का एक एफ०डी०आर ( 3) फर्म का राज्य वस्तु एवं सेवाकर कार्यालय में पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति ( 4) तीन वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (बिन्दु 04 के अनुसार) (5) पैन कार्ड की स्वप्रमाणित छाया प्रति (6) रु० 100.00 के स्टांप पेपर पर इस आशय से की गई घोषणा कि (अ) अंतर संकाय एवं महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता संबंधित कार्य के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित निविदा की शर्ते मान्य हैं जिनका फर्म द्वारा अनुपालन किया जाएगा (ब) कि फर्म के पास अंतर- संकाय एवं अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के आयोजन हेतु पाण्डाल , मंच , बैठक व प्रकाश इत्यादि व्यवस्था संबंधित कार्य को सम्पन्न करने के लिए पर्याप्त संसाधन एवं सामग्री उपलल्ब्ध है।
7. निविदा प्राप्त होने कि अंतिम तिथि दिनांक: 11/03/20203 को अपराह्न 1.00 बजे तक है जो उसी दिन अपराह्न 2.00 बजे समिति द्वारा इच्छुक उपस्थित निविदाताओं के सम्मुख खोली जाएंगी।
8. निविदा प्रेषित करने से पूर्व प्रस्तावित कार्य एवं कार्यस्थल का भलीभाँति निरीक्षण सुनिश्चित करने का दायित्व फर्म का होगा।
9. फर्म की दरें समस्त करों सहित मान्य होगी (दरें, करों सहित ही प्रदर्शित करें)।
10. निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में सफल निविदादाता को कार्यक्रम शुरू होने की निर्धारित तिथि से पूर्व कार्यक्रम से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।
11. कार्यक्रम से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री की किसी भी प्रकार की टूट –फूट एवं क्षति होने की स्थिति में ज़िम्मेदारी स्वय फर्म की होगी। इसके लिए किसी प्रकार का क्षतिपूर्ति भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा।
12. न्यूनतम दर वाली फर्म का निर्धारण वित्तीय बोली प्रपत्र (Financial Bid Proforma) में उल्लिखित क्रम सं० 1 से 4 तक की समस्त व्यवस्थाओं हेतु दी गयी दरों के आधार पर किया जाएगा।

13. निविदा दो बोली वाली प्रणाली (Technical Bid & Financial Bid) पर आधारित होगी। Technical Bid वाले लिफाफे में कार्य अनुभव संबंधित प्रमाण पत्र , फर्म का पैन कार्ड , जी०एस०टी० पंजीकरण , आयकर तथा धरोहर धनराशि संबंधित बैंक ड्राफ्ट जो कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय, हे०न०ब०वि०वि० बिड़ला परिसर, श्रीनगर गढ़वाल के पक्ष में व वैबसाइट से डाउनलोड की गयी निविदा के साथ निविदा मूल्य के रूप में रु० 590.00 का बैंक ड्राफ्ट जो कि वित्त अधिकारी, हे०न०ब०गढ़वाल विश्वावियालय के पदनाम से देय तथा धरोहर राशि रु० 25000.00 की एफ०डी० आर० जो कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के पक्ष में देय हो , संलग्न किया जाना आवश्यक है। Financial Bid वाले लिफाफे में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर कार्य की दरें /लागत (समस्त करों सहित) संबंधित विवरण ही प्रेषित किया जायेगा। Technical Bid तथा financial Bid वाले लिफाफे के बाहर चार दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता हेतु पाण्डल, मंच, बैठक व प्रकाश इत्यादि व्यवस्था हेतु Technical Bid तथा financial Bid अंकित करते हुये तथा दोनों लिफाफों को पुनः एक बड़े लिफाफे में रखकर पंजीकरण / स्पीड पोस्ट से अधिष्ठाता छात्र कल्याण , बिड़ला परिसर श्रीनगर गढ़वाल को प्रेषित किया जाए। इस लिफाफे के बाहर चार दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता हेतु बिड़ला परिसर श्रीनगर में पाण्डल , मंच, बैठक व प्रकाश इत्यादि व्यवस्था हेतु निविदा आवश्यक रूप से अंकित हो। उन्ही निविदादाताओं की financial Bid खोली जाएगी जो कि Technical Bid कि शर्तों को पूर्ण करती हो।
14. निविदा के आधार पर चयनित फर्म को परफारमेन्स गारंटी के रूप में निविदा की कुल लागत की 5 प्रतिशत राशि एफ०डी० आर०जो कि सितम्बर 2024 तक वैध हो अधिष्ठाता छात्र कल्याण के नाम जमा करना होगा ताकि फर्म को कार्यादेश जारी किया जा सके ।
15. फर्म जिसे कार्यादेश जारी किया जाएगा , को सम्पूर्ण आयोजन कि अवधि में मंच , पाण्डल, बैठक तथा विधुत व्यवस्था सुचारु रूप से करनी होगी। आयोजन के दौरान यदि कोई फर्म का कार्य असंतोषजनक पाया जाता है तो उस स्थिति में निष्पादन धरोहर राशि वापिस नहीं की जाएगी साथ ही आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आयोजक (विश्वविद्यालय) द्वारा उपरोक्त व्यवस्था पर जितनी भी धनराशि व्यय की जाएगी उसका भुगतान फर्म को वहन करना होगा।
16. विद्युत प्रकाश व्यवस्था करते समय सुरक्षा संबंधित विद्युत मानकों तथा पर्यावरण एवं लेवर एक्ट का भलीभांति अनुपालन करने का सम्पूर्ण दायित्व फर्म का होगा।
17. फर्म के देयक से आयकर व जी०एस०टी० की कटौती नियमानुसार एटसोर्स की जाएगी।
18. कार्य से पूर्व अथवा कार्य के दौरान कोई भी अग्रिम अथवा रनिंग भुगतान नहीं किया जाएगा। संतोषजनक कार्य सम्पन्न होने पर फर्म द्वारा प्रेषित देयक के आधार पर भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।
19. उक्त व्यवस्था पर मैली – कुचैली, टूटी –फूटी तथा त्रुटिपूर्ण सामग्री का उपयोग किसी भी दशा में नहीं किया जाएगा। समिति के निरीक्षण में यदि ऐसा विषय संज्ञान में आता है तो फर्म द्वारा तत्काल इस तरह के त्रुटिपूर्ण सामग्री/कार्य को हटाकर, त्रुटिरहित सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। कार्य समाप्ति के बाद फर्म द्वारा 03 कार्य दिवसों के अन्तर्गत स्थलों की साफ सफाई का करवाई जाएगी।
20. किसी भी निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार समिति का होगा।
21. निविदा की वैधता निविदा जारी करने की तिथि से 6 माह तक रहेगी।

04/03/2024

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

फर्म को उपरोक्त सभी शर्ते स्वीकार्य हैं।
फर्म का नाम ...............................
फर्म का मुहर ..............................
हस्ताक्षर .....................................
दिनांक :

## कार्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हे०न०ब०गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखंड)

---

पत्रांक सं./अ.छा.क./170 दिनांक : 04-03-2024

**वित्तीय बोली प्रपत्र ( Financial Bid Proforma)**

**कार्य का नाम :** हे०न०ब०गढ़वाल विश्वविद्यालय अन्तर संकाय एवं अन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता (दिनांक- 19.03.2024 से 22.03.2024 तक) के आयोजन हेतु बिड़ला परिसर , श्रीनगर गढ़वाल में पाण्डाल , मंच, बैठक (सीटिंग एवं लाइटिंग) व्यवस्था संबंधित कार्य हेतु निविदा।

**(कार्य की कुल अधिकतम लागत रु. 550,000/- ( रुपये पाँच लाख पचास हजार )**

| क्र. सं० | कार्य विवरण | कार्य दिवसों की संख्या | दर प्रति कार्य दिवस जी.एस.टी. सहित रु० में | कुल धनराशि रु० में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पाण्डाल व्यवस्था (130 x 120) फिट<br>मंच व्यवस्था ( वाटर प्रुफ)-(45x 30) फिट | 4 दिन | | |
| 2 | बैठक व्यवस्था<br>➢ प्लास्टिक कुर्सियाँ विद आर्म– 1000 नग<br>➢ सोफ़े- दों सीटर– 26 नग<br>➢ कार्पेट (मंच एवं सोफ़ों के सामने) लगभग3750 वर्ग फीट<br>➢ मैटिंग (रास्ते पर) लगभग600 वर्ग फिट<br>➢ पाण्डाल एवं मंच लाइटिंग (झूमर सहित लगभग 30)<br>➢ पेडस्टल पंखे (20)<br>➢ कूलर (04)<br>➢ दो स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था | 4 दिन<br>"<br>"<br>"<br>"<br>"<br>" | | |
| 3 | सम्पूर्ण आच्छादित क्षेत्र की बांस एवं लकड़ी की बल्लियों से 4 से 5 फिट उचाई तक बैरेकेटिंग | 4 दिन | | |
| 4 | स्वागत गेट 16 x 10 एक (01) नग | 4 दिन | | |
| 5 | चार दिवसीय कार्यक्रम हेतु (क्र०01 से 04 तक ) कुल राशि | | | |
| 6 | चार दिवसीय कार्यक्रम हेतु (क्र०01 से 04 तक ) निविदा दाता द्वारा कुल प्रस्तावित धनराशि | | | |

राशि शब्दों में ..........................................................................................................सभी दरें मजदूरी , सामान ढुलान व समस्त करों सहित है।

फर्म का नाम एवं

हस्ताक्षर सील सहित

**नोट- इस प्रपत्र को वित्तीय बोली प्रपत्र (Financial Bid Proforma) वाले लिफाफे के अंदर रखें व लिफाफे के बाहरहे.०न०ब०गढ़वाल विश्वविद्यालय अन्तर संकाय एवं अन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के आयोजन हेतु बिड़ला परिसश्रीनगर गढ़वाल में पाण्डाल, मंच, बैठक (सीटिंग एवं लाइटिंग) व्यवस्था हेतुवित्तीय बोली प्रपत्र (Financial Bid Proforma) अंकित करें।**

04/03/2024

**कार्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण हे०न०ब०गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखंड)**

पत्रांक सं./अ.छा.क./2024/170 दिनांक : 04-03-2024

<u>तकनीकी बोली प्रपत्र ( Technical Bid Proforma)</u>

**कार्य का नाम : हे.०न०ब०गढ़वाल विश्वविद्यालय अन्तर संकाय एवं अन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता (दिनांक -19.03.2024 से 22.03.2024 तक) के आयोजन हेतु बिड़ला परिसर, श्रीनगर गढ़वाल में पाण्डाल, मंच, बैठक (सीटिंग एवं लाइटिंग) व्यवस्था संबंधित कार्य हेतु निविदा ।**

| क्र. सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | फर्म के प्रोपराइटर का नाम मोबाइल,आधार नं० सहित | |
| 3. | वस्तु एवं सेवाकर पंजीकरण प्रमाण पत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 4. | फर्म का पैन कार्ड संख्या (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 5. | PFMS हेतु फर्म के बैंक खाते का विवरण | खाता संख्या:<br>बैंक का नाम-<br>IFSC कोड- |

6. मार्च 2023 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष तक विगत पाँच वर्षों की अवधि में शासकीय /अर्द्धशासकीय /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) में इसी तरह के कार्यों को सम्पन्न करने का संबंधित विभाग / PSU द्वारा निर्गत संतोषजनक कार्य सम्पादन का अनुभव प्रमाण पत्र निम्न विवरणानुसार
   - 4.00 लाख अथवा अधिक राशि का एक कार्य करने का प्रमाण पत्र।
   - 3.00 लाख अथवा अधिक राशि के दो प्रमाण पत्र।
   - 2.00 लाख अथवा अधिक राशि के तीन कार्य करने के प्रमाण पत्र।
7. रु० 100.00 के स्टाम्प पेपर पर इस आशय की घोषणा
   - कि अंतर संकाय एवं अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्य के लिए वि०वि० द्वारा निर्धारित शर्ते फर्म को मान्य है, जिसका अनुपालन किया जाएगा।
   - कि फर्म के पास अंतर संकाय एवं अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के आयोजन हेतु पाण्डाल,मंच, बैठक (फर्म द्वारा सीटिंग एवं प्रकाश) इत्यादि व्यवस्था कार्य को सम्पादन करने के लिए पर्याप्त संसाधन एवं सामग्री उपलब्ध है।
   - फर्म किसी भी विभाग से ब्लैक लिस्ट नही है।
8. धरोहर राशि रु० 25,000.00 का बैंक ड्राफ्ट का विवरण ( अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हे०न०ब०गढ़वाल विश्वविद्यालय के नाम देय)।
9. विश्वविद्यालय वैबसाइट से डाउनलोड करने की स्थिति में निविदा के मूल्य हेतु रु० 590.00 के ड्राफ्ट का विवरण जो कि वित्त अधिकारी, हे०न०ब०ग० विषविद्यालय के नाम देय होगा।

**फर्म का नाम एवं**

**हस्ताक्षर सील सहित**

**नोट- इस प्रपत्र को तकनीकी बोली प्रपत्र ( Technical Bid Proforma) वाले लिफाफे के अंदर रखें व लिफाफे के बाहर हे०न०ब०गढ़वाल विश्वविद्यालय अन्तर संकाय एवं अन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के आयोजन हेतु बिड़ला परिसर,श्रीनगर गढ़वाल में पाण्डाल, मंच, बैठक (सीटिंग एवं लाइटिंग) व्यवस्था हेतु तकनीकी बोली प्रपत्र (Technical Bid Proforma) अंकित करें।**

04/03/2024